PCS (J) 20 pg Math

SET-E

**Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination -2018**

***Practical Examination on Basic Knowledge of Computer Operation***

*Time: 1 Hr* *Max. Marks: 100*

*Note:*

***1. Attempt all questions. All questions carry equal marks.***

***2. Write the answer of Q. No 1 on the given answer sheet.***

***3. Perform the practical exercise(s) on computer system for each part of Q. No 2 to Q. No. 5. Save the answer of each part of these questions (for taking printout) as per instructions given to you in the computer operation practical examination hall. Make suitable assumption(s) where ever required.***

***4. Do not put any identification mark (Roll No., Name etc) concerning you in any answer of the question.***

*Q. No. 1*

a. Write any two open source Operating Systems.
b. Write any two functions of the TCP/IP. Also write the full form of TCP/IP.
c. Write the full form of CUI and GUI.
d. How to remove the windows operating system from your Computer. Write the steps.
e. What are the steps to change the resolution of your computer screen?

*Q. No. 2*

Marking India's first venture into the interplanetary space, **MOM** will explore and observe Mars **surface features**, morphology, mineralogy and the Martian atmosphere. Further, a specific search for methane in the Martian atmosphere will provide information about the possibility or the past existence of life on the planet.

a. Write the above paragraph using justify margin and store as abc.doc
b. Italic and Strikethrough the line 2.
c. Create a table (2x2) with file name "File-Table1".
d. Put the sentence-1 in Row-2 at column 1 and sentence 2 in Row-1 at column -2.
e. Convert the paragraph in Gridlines and print the snapshots.

*Q. No. 3*

a. Create the following table in MS –Access with following fields. Type of the corresponding filed is given in bracket of each field.

**Emp_ID(Numeric), Subject(Text), Unit Price/Lecture(Currency), No of Lecture Delivered ( Numeric), TA in % ( Numeric)**

***b. Insert following data in the table created in part a.***

| Emp_ ID | Subject | Unit Price/Lecture | No of Lecture Delivered | TA in % |
|---|---|---|---|---|
| 10265 | Maths | Rs 1,500.00 | 6 | 19 |
| 10065 | English | Rs 750.00 | 3 | 13 |
| 60178 | Physics | Rs 1,200.00 | 4 | 18 |
| 30299 | Chemistry | Rs 1,200.00 | 5 | 14 |
| 70280 | Hindi | Rs 750.00 | 2 | 12 |

c. Sort the given data in ascending order with respect to the TA in % field.
d. Sort the given data in descending order with respect to the Emp_ ID.
e. Display the total number of entries in the table created in part b.

*Q. No. 4*


a. Create the following table in MS Excel

| OrderDate | Region | Rep | Item | Units | Unit Cost | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10/5/14 | Central | Morgan | Binder | 28 | 8.99 | 251.72 |
| 12/21/15 | Central | Andrews | Binder | 28 | 4.99 | 139.72 |
| 2/9/14 | Central | Jardine | Pencil | 36 | 4.99 | 179.64 |

b. Draw a Bar Chart on the above table.
c. Delete second row on the above table.
d. Find Average, Count, Numbers, Min and Max in the table -a (Column 5, 6, 7).
e. Create a header as Executive Order and Footer as Signature Order in the table.

*Q. No. 5*

a. Create the following power point slide.




b. Insert date and footer as ONION of the slide.
c. Insert the title- **MY OPERATING SYSTEM** of the slide.
d. Insert bullet in the slide.
*e.* Insert slide number in the slide.

PCS J 2019 Main

No. of Printed Pages : 7

# JUS-Z

**2019**

## विधि – I (मुख्य विधि)

## LAW – I (Substantive Law)

निर्धारित समय : तीन घण्टे] [ पूर्णांक : 200

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या 1 एवं 2 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई* **चार** *प्रश्न हल करने हैं । कुल* **छः** *प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाए ।*

**Note :** *Candidates should attempt question Nos. 1 and 2 as compulsory and not more than* ***four*** *of the remaining ones. Total* ***six*** *questions are to be attempted. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

1. (अ) मिताक्षरा अविभाजित परिवार व सहदायिकी के श्रेव्य संकल्पना में धीरे-धीरे आने वाले विधिक बदलावों की विवेचना कीजिए । क्या एक महिला मिताक्षरा अविभाजित हिन्दू परिवार की कर्त्ता हो सकती है ? **15**

(ब) "शाश्वता के विरुद्ध नियम" की विवेचना कीजिए । एक अजन्मे व्यक्ति के हित में सम्पत्ति किस प्रकार स्थानान्तरित की जा सकती है ? **15**

(स) "दूरगामी नुकसान" के ऊपर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । यदि कोई वाद है, तो लिखिए । **10**

(a) Discuss the gradual legislative changes in the classical concept of Mitakshara joint family and coparcenary. Can a woman act as the Karta of the Mitakshara Hindu joint family ?

(b) Discuss the "Rule against Perpetuity". How a property could be transferred in favour of an unborn person ?

(c) Write a short note on "Remoteness of Damages". Discuss the case law, if any.

2. (अ) "करार की असंभवता" का क्या अर्थ है ? असंभवता के आधार पर करार को पूरा न करने वाले पक्ष को किन पूर्व शर्तों को पूरा करना पड़ता है ? **15**

(ब) निम्नलिखित में हिन्दू विवाह की वैधता जाँचिए : **15**

(i) 20 वर्षीय युवक का अठारह वर्ष की युवती के साथ विवाह ।

(ii) एक पुरुष का उसके बड़े भाई की विधवा से विवाह ।

(iii) 'अ' से 'ब' का रूड़की में मालाओं के आदान प्रदान से विवाह ।

(स) 'अ' धोखे से 'ब' को विश्वास दिलाता है कि जमीन 'अ' की है व 'ब' को जमीन खरीदने के लिए कहता है और 'ब' जमीन खरीद लेता है, जबकि जमीन 'अ' के पिता 'फ' की है। 'फ' की मृत्यु हो जाती है। 'अ' चूँकि 'फ' का पुत्र है, वह 'फ' की जमीन को प्राप्त करता है। 'ब', 'अ' को जमीन का कब्जा देने के लिए कानूनी दावा करता है। 'अ' तर्क देता है कि जमीन को बेचने के वक्त वह उसका मालिक नहीं था। अतः वह 'ब' को जमीन बेचने का अधिकार भी नहीं रखता था। निर्णित केस को इंगित करते हुए निर्णय कीजिए। **10**

(a) What is meant by 'frustration of contract' ? What are the prerequisites for excusing parties from performing the contract on the ground of frustration ?

(b) Examine the validity of the following Hindu Marriages :

(i) Marriage of a 20 years old boy to an eighteen years old girl.

(ii) Marriage of a man to the widow of his elder brother.

(iii) Marriage of A and B solemnized in Roorkee by exchange of garland.

(c) A falsely leads B to believe that a land belongs to A and thereby induces B to purchase it. 'B' purchase it. The land actually belonged to A's father, F. F died.A being the son of F, inherited the land. B sues A for possession of that land. A pleads that B is not entitle to the land as at the time of sale. A was having only spes successionis. Decide referring to decided cases, if any.

3. (अ) 'अ' एक हिन्दू पुरुष अपनी अलग सम्पत्ति को बिना वसीयत किए मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अपने पीछे वह अपना पिता 'फ', माता 'म', विधवा 'व', पुत्र 'प', पुत्री 'स', दूसरे दिवंगत पुत्र की विधवा, पुत्र, पुत्री, दिवंगत पुत्री का विधुर पुत्र, पुत्री छोड़ गया। मृत्यु के समय उसका जीवित पुत्र जेल में था एवं उसके ऊपर बलात्कार की सजा काट रहा था। निर्णय कीजिए 'अ' की सम्पत्ति का उत्तराधिकार किसके पास जाएगा और उनका हिस्सा क्या होगा ? **10**

(ब) "हिताधिकारी के हित की सुरक्षा न्यास विधि की प्रमुख चिन्ता है।" न्यास भँग होने की स्थिति में हिताधिकारी को उपलब्ध उपचारों की विवेचना कीजिए। **10**

(स) किन परिस्थितियों में व्यक्तियों के समूह को भागीदारी फर्म कहा जा सकता है ? भागीदारों की एक दूसरे के प्रति व तीसरे व्यक्ति के प्रति कर्त्तव्यों की विवेचना कीजिए। **10**

(a) A, a male Hindu dies intestate leaving behind his separate property. He is survived by his father F, mother M, widow W, a son $S_1$ and a daughter $D_1$. He is also survived by the widow, son and daughter of his predeceased son $S_2$ and widower, son and daughter of his predeceased daughter $D_2$. At the time of A's death, $S_1$ was in prison as he was convicted for the offence of rape. Decide who would inherit A's property and what would be their shares.

(b) "Protection of the interest of beneficiary is the prime concern of the law of trust." Discuss the remedies available to a beneficiary in case of breach of trust.

(c) In what circumstances an association of persons can be called a partnership firm ? Discuss the duties of partners inter se and towards third persons.

4 (अ) क्या निम्नलिखित में हिन्दू महिला सम्पत्ति में पूर्ण अधिकार प्राप्त करती है या नहीं । विवेचना कीजिए । **10**

(i) ससुर द्वारा दी गई सम्पत्ति जो कि उसे भरण पोषण के बदले में दी गई ।

(ii) पति द्वारा उत्तराधिकारी के रूप में प्राप्त की गई ।

(iii) वसीयत द्वारा प्राप्त की गई जिसमें कि उसे सीमित मालिकाना अधिकार दिया गया ।

(ब) "सहमति से क्षति" सूत्र की विवेचना कीजिए । **10**

उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की बस व ट्रक में टक्कर हो गई । यह पाया गया कि यह दुर्घटना बस चालक की लापरवाही से हुई । दुर्घटना का समाचार पाते ही नजदीक के गाँव वाले पुलिस को बचाव कार्य में मदद के लिए आए । उनमें से एक को दुर्घटनाग्रस्त बस से निकले लोहे के छड़ से सिर पर चोट लग गई । क्या वह व्यक्ति अपनी चोट के लिए क्षतिपूर्ति ले सकता है ? निर्णय कीजिए ।

(स) 'अ' ने ₹ 2500 के ईनाम की घोषणा की उस व्यक्ति को देने की जो कि उसकी खोई हुई सोने की घड़ी लौटा देगा जिसके ऊपर कि उसका नाम लिखा हुआ है । 'ब' इस घोषणा को जाने बगैर घड़ी को ढूंढता है व 'अ' को लौटा देता है । क्या 'ब' 'अ' से ईनाम की राशि को प्राप्त कर सकता है ? निर्णय कीजिए । **10**

(a) Discuss whether or not the Hindu woman would acquire absolute right in the following property :

(i) Given to her by her father-in-law in lieu of maintenance.

(ii) Inherited by her from her husband.

(iii) Acquired by a will clearly reciting her limited ownership.

(b) Discuss the maxim "Volenti non fit injuria".

There was a collision between a bus of Uttarakhand State Road Transport Corporation and a truck. It was found that the accident happened because of the negligent driving of bus by the bus driver. Hearing the news of the accident, residents of the nearby village came for helping the police in providing rescue operations. One of them suffered serious head injuries due to the falling of an iron rod from the bus damaged in accident. He claimed compensation for his injuries from the State Road Transport Corporation. Will he succeed ? Decide.

(c) A offered a reward of ₹ 2500/- to anyone who would restore to him his lost gold watch bearing his name. B, without knowledge of reward, finds it and returns it to A. Decide whether B can claim the reward money from A.

5. (अ) हबीबुल्लाह कैंसर से ग्रस्त है, जब उसे पता चलता है कि कैंसर अग्रिम अवस्था में है वह अपनी सारी सम्पत्ति अपनी पत्नी 'रहिमा' को उपहार में दे देता है । दो माह पश्चात् वह मृत्यु को प्राप्त कर जाता है । क्या यह उपहार वैध है ? **10**

(ब) 'अ' अपनी जमीन 'ब', 'स' और 'ड' को एक शर्त पर उपहार में देता है कि वे इस जमीन को दस वर्ष तक विभाजित नहीं करेंगे । इस शर्त की वैधता व इस उपहार की वैधता का परीक्षण कीजिए । **10**

(स) "सुखाधिकार कब्जे के बिना किसी जमीन के उपयोग का सीमित अधिकार है ।" व्याख्या कीजिए । **10**

(a) Habibullah is suffering from cancer. When he comes to know that cancer is at advance stage, he makes gift of all his property in favour of his wife, Rahima. Two months later he dies. Is the gift valid ?

(b) A gifted his land in favour of B, C and D with a condition that they shall not divide the property for 10 years. Examine the validity of condition as well as the gift.

(c) "An easement is a right to the limited use of land without possession". Explain.

6. (अ) शायरा बानो केस में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों को प्रभावी बनाने के लिए – मुस्लिम महिला (वैवाहिक अधिकारों का संरक्षण) अध्यादेश 2019 के आवश्यक तत्त्वों की व्याख्या कीजिए । **10**

(ब) क्या निम्नलिखित न्यास वैध हैं ? **10**

(i) अनाथों के हितों के लिए न्यास ।

(ii) कब्रगाह के रखरखाव के लिए न्यास ।

(iii) पशुओं के हितों के लिए न्यास ।

(स) 'अ', 'ब' और 'स' एक व्यापारिक फर्म के भागीदार हैं । 'अ' ने 'ड' से एक लाख ₹ उधार लिए है व वचनपत्र फर्म के नाम पर तैयार करता है । वह धनराशि का दुरुपयोग अपने व्यक्तिगत कार्य पर करता है । क्या 'ड' उपरोक्त वचनपत्र के आधार पर फर्म को जिम्मेदार ठहरा सकता है ? **10**

(a) Explain the salient features of the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Ordinance 2019 passed to give effect to the direction of the Supreme Court in Shayara Bano Case.

(b) Are the following trusts valid :

(i) Trust for the benefit of orphans.

(ii) Trust for the maintenance of a graveyard.

(iii) Trust for the benefit of animals.

(c) A, B and C are partners in a trading firm. A borrows one lac Rupees from D and executes a promissory note in the name of the firm. He misappropriates the money and utilizes it for his personal purposes. Can D make the firm liable on the note ?

7. (अ) 'अ', एक मुस्लिम पुरुष जो कि 'व' से विवाहित है, 'स' से विवाह करता है, जो कि 'व' की छोटी बहन है । 'अ' की 'स' से विवाह की वैधता की 'सुन्नी' और 'शिया' विधि के अन्तर्गत विवेचना कीजिए । **10**

(ब) लम्बित वाद की अवधारणा समझाइए । 'अ', 'ब', 'स', 'ह' चार भाई हैं । चारों के नाम पर संयुक्त रूप से दो मकान 'म' और 'न' हैं । 'अ' ने इन मकानों के विभाजन के लिए वाद दायर किया । जबकि न्यायालय में विभाजन का वाद लम्बित था, 'ब' ने 'म' मकान का आधा हिस्सा अपनी पुत्री को उपहार के रूप में दे दिया । इस उपहार की वैधता का निर्णय कीजिए । **10**

(स) 'सुखाधिकार' एवं 'अनुज्ञप्ति' में अन्तर बताइए । **10**

(a) A, a Muslim male who is married to W1, married W2 who is the younger sister of W1. Discuss the validity of A's marriage to W2 under Sunni and Shia law.

(b) Explain the doctrine of lis pendens. A, B, C and D are four brothers. They jointly owed two houses, X and Y. A filed a suit for partition of these houses. While the suit for partition was pending in the court, B gifted half of house X to his daughter. Decide the validity of this gift.

(c) Distinguish between 'easement' and 'licence'.

8. (अ) रोहित का विवाह रश्मि के साथ 2015 में दिल्ली में हुआ । क्योंकि दोनों दिल्ली में कार्यरत थे, उन्होंने अपना वैवाहिक गृह दिल्ली में ही रखा । 2016 में रोहित की बहुराष्ट्रीय कम्पनी मुम्बई में नौकरी लग गई अतः वह मुम्बई चला गया । 2019 में रश्मि ने हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत अभित्याग के आधार पर तलाक की याचिका दायर की । क्या वह सफल होगी ? वैधानिक प्रावधानों व निर्णित वादों, यदि कोई हो, के आधार पर निर्णय कीजिए । **10**

(ब) "हानि के बिना क्षति" एवं "क्षति के बिना हानि" के मध्य अन्तर स्थापित कीजिए । **10**

(स) 'अ', एक व्यापारी ने जो कि कलकत्ता में है, टेलिफोन पर 'ब' को जो कि बम्बई में है अपना घर बेचने का प्रस्ताव देता है । 'ब' इस प्रस्ताव को सुनकर तुरन्त उसी समय अपनी स्वीकृति देता है :

निर्णय कीजिए :

(i) करार कब और कहाँ पूर्ण हुआ ?

(ii) यदि पक्षकारों द्वारा उक्त को बातचीत द्वारा डाक के माध्यम से किया होता तो क्या परिणाम होता ? **10**

(a) Rohit married to Rashmi in 2015 in Delhi. Since both of them were employed in Delhi, they setup their matrimonial home in Delhi. In 2016, Rohit got a job in a multi-national company in Mumbai. He shifted to Mumbai. In 2019 Rashmi filed a petition for divorce on the ground of desertion under the Hindu Marriage Act 1955. Will she succeed ? Decide giving statutory provision and decided cases, if any.

(b) Distinguish between 'Damnum sine injuria' and 'Injuria sine damno'.

(c) A, a merchant who is in Calcutta, makes an offer on telephone to sell his house to B who is in Bombay. B, hearing the offer on telephone, gives his acceptance instantaneously. Decide :

(i) Where and when the contract is concluded ?

(ii) What would happen if the parties had negotiated by post ?

9. (अ) हिन्दू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत हिन्दू पत्नी के पुत्र को गोद लेने के सामर्थ्य एवं अधिकारों की विवेचना कीजिए। **10**

(ब) 'फर्म के विघटन' से आपका क्या तात्पर्य है ? फर्म के विघटन के कितने प्रकार हैं ? **10**

(स) "अनुचित प्रभाव" की संकल्पना की विवेचना कीजिए।

राम का पुत्र बीमार है और उसे उसके उपचार के लिए धन की तुरन्त आवश्यकता है। वह अपने दस लाख ₹ के मकान को श्याम को पाँच लाख ₹ में बेच देता है। मकान बिकने के एक महीने बाद, राम क्रय अभिलेख को निरस्त करने के लिए आवेदन देता है जिसका आधार वह "अनुचित प्रभाव" बनाता है। क्या वह सफल होगा ? **10**

(a) Discuss the capacity and right of a Hindu Wife to adopt a son under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956.

(b) What do you mean by "dissolution of the firm" ? What are the various ways of dissolution of the firm ?

(c) Discuss the concept of undue influence.

Ram's son is ill and he needs money immediately for his treatment. He sells his house worth Ten lac rupees for five lac rupees to Shyam. After one month of the sale of the house, Ram applies for the cancellation of the sale deed on ground of undue influence. Would he succeed ?

10 (अ) अवयस्क के "नैसर्गिक संरक्षक" से आप क्या समझते हैं ? हिन्दू अवयस्क एवं संरक्षककर्ता अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत कौन नैसर्गिक संरक्षक हो सकता है ? **10**

(ब) "गिरवी रखना" क्या है ? यह 'भाड़े' से कैसे भिन्न है ? **10**

(स) 'अ', एक उद्यम खाद के निर्माण में लगा है । इसने भारी मात्रा में जहरीली गैसों एवं रसायनों का खाद के निर्माण के लिए संग्रह एक स्टोर में किया हुआ है । एक दिन एक जहरीली गैस का स्टोर करने वाले टैंक से रिसाव हो गया जिसकी वजह से 'स' और 'ह' जो कि निकटस्थ स्थानीय व्यक्ति है मृत्यु को प्राप्त हो गए । गैस रिसाव का कारण ज्ञात नहीं है।'स' और 'ह' के विधिक प्रतिनिधियों ने मुआवजे का दावा किया । क्या वे सफल होंगे ? निर्णय कीजिए । **10**

(a) What do you understand by the term "natural guardian" of a minor and who can be the natural guardian under the Hindu Minority and Guardianship Act, 1956.

(b) What is 'mortgage' and how is it different from a 'charge' ?

(c) A, an enterprise is engaged in manufacturing fertilizers. It stored a large amount of poisonous gases and other chemicals used in manufacturing fertilizers. One day, the poisonous gas leaked from the storage tank and caused death of two persons, X and Y, living in the nearby locality. Reason for leakage of the gas is not known. The legal representatives of X and Y claimed compensation for the death of X and Y from the enterprise. Will they succeed ? Decide.

---

PCS(J) 2019 Mains

*No. of Printed Pages :* 4

**JUR-W**

**2019**

## विधि – III (राजस्व एवं दाण्डिक)

## LAW – III (Revenue and Criminal)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 200***

**नोट :** *अभ्यर्थी कुल **छः (6)** प्रश्नों के उत्तर दें, जिनमें **खण्ड 'अ'** से प्रश्न संख्या 1 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न तथा **खण्ड 'ब'** से प्रश्न संख्या 6 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should answer **six (6)** questions in all, out of which they should answer question No. **1** and any other **two** questions from **group 'A'** and question No. **6** and any other **two** questions from **group 'B'**. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

### खण्ड – अ / Group – A

1. (अ) उ.प्र. जमीदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत जमीदारी उन्मूलन के पश्चात भी जमीदारों के कौन-कौन से अधिकार शेष रहे गये थे ? वर्णन कीजिए । 20

(ब) निम्नलिखित की परिभाषा दीजिए :

(1) कृषि वर्ष 5

(2) बाग तथा बाग भूमि 5

(3) क्षेत्र पति 5

(4) सरकारी पट्टेदार 5

(a) What are the rights of zamindars that remained with the zamindars even after the abolition of the zamindari under UPZA and L.R. Act ? Describe.

(b) Define the following :

(1) Agriculture year

(2) Grove and Grove land

(3) Land holder

(4) Government Lessee

2. (अ) उ.प्र. जमीदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अक्षम व्यक्ति कौन है ? वर्णन कीजिए । **15**

(ब) भूमिधर के क्या अधिकार हैं ? स्पष्ट कीजिए । **15**

(a) Who are the disabled persons under the provisions of U.P. Z.A. and L.R. Act ? Discuss.

(b) What are the rights of Bhumidhar ? Explain.

3. (अ) समर्पण क्या है ? समर्पण और परित्याग में अंतर बताइए । **10**

(ब) सार्वजनिक उपयोग की भूमि से अधिनियम के अन्तर्गत आसामी की बेदखली की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **10**

(स) सीर और खुदकाश्त भूमि में अन्तर बताइए । **10**

(a) What is surrender ? Distinguish between surrender and abandonment.

(b) Describe the procedure of ejectment of Asami from the land of public utility under the Act.

(c) Distinguish between Sir and Khudkasht land.

4. (अ) गाँव सभा द्वारा भूमि आवण्टन हेतु प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **10**

(ब) आसामी के अधिकारों का वर्णन कीजिए । **10**

(स) उ.प्र. जमीदारी उन्मूलन एवम् भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत घोषणात्मक वादों से सम्बन्धित प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **10**

(a) Discuss the procedure of allotment of the land by Gaon Sabha.

(b) Discuss the rights of Asami.

(c) Discuss the procedure relating to the declaratory suits under the UPZA and LR Act.

5. (अ) संक्राम्य अधिकार वाले भूमिधर और असंक्राम्य अधिकार वाले भूमिधर में अन्तर बताइए । **15**

(ब) दाखिल खारिज से आप क्या समझते हैं ? उत्तराधिकार के मामले में दाखिल खारिज की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **15**

(a) Explain the difference between Bhumidhar with Transferable Rights and Bhumidhar with Non-Transferable Rights.

(b) What do you mean by mutation ? Discuss the procedure of mutation in the matter of succession.

## खण्ड – ब / Group – B

6. (अ) आपराधिक दायित्व से बचाव के रूप में मत्तता सम्बन्धी विधि की विवेचना कीजिए । 20

(ब) य को एक बाघ उठा ले जाता है । यह जानते हुए सम्भाव्य है कि गोली लगने से य मर जायेगा, किन्तु य का वध करने का आशय न रखते हुए और सद्भावपूर्वक य के फायदे के आशय से क उस बाघ पर गोली चलाता है । क की गोली से य को मृत्यु कारक घाव हो जाता है । क के द्वारा कौन सा अपराध हुआ ? कारण सहित बताइए । 10

(स) 'क' यह जानते हुए कि 'ख' स्थान पर डकैती पड़ने वाली है । मजिस्ट्रेट को यह मिथ्या इत्तिला देता है कि डकैती ग स्थान पर, जो विपरित दिशा में है, पड़ने वाली है और इस आशय से कि एतदद्वारा उस अपराध का किया जाना सुविधाजनक बनाये, मजिस्ट्रेट को भुलावा देता है । डकैती परिकल्पना के अनुसरण में ख स्थान पर पड़ती है । क द्वारा किस धारा के अधीन दण्डनीय अपराध कारित किया गया ? कारण सहित बताइए । 10

(a) Discuss the law relating to 'drunkenness' as a defense for criminal liability.

(b) Z is carried off by a tiger. A fires at the tiger knowing it to be likely that the shot may kill Z, but not intending to kill Z, and in good faith intending Z's benefit. A's bullet gives Z a mortal wound. Which offence is committed by A ? Explain with reasons.

(c) 'A' knowing that a dacoity is about to be committed at place B, falsely informs the magistrate that a dacoity is about to be committed at place C, a place in an opposite direction and thereby misleads the magistrate with intent to facilitate the commission of the offence. The dacoity is committed at place B in pursuance of the design. 'A' committed offence punishable under which section ? Explain it with reason.

7. (अ) उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जब सदोष मानव वध हत्या नहीं होती है । 10

(ब) निम्नलिखित की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए :

(1) रिष्टि 5

(2) अपहरण 5

(3) घोर उपहति 5

(4) कूटरचना 5

(a) Discuss the circumstances when culpable homicide does not amount to murder.

(b) Define following with examples :

(1) Mischief

(2) Abduction

(3) Grievous hurt

(4) Forgery

8. (अ) सदोष अवरोध के आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए और सदोष परिरोध से उसका अंतर स्थापित कीजिए। **15**

(ब) मानहानि के अपराध से सम्बन्धित विधि का संक्षेप में विवेचन कीजिए। **15**

(a) Explain the essential elements of wrongful restraint and distinguish it with wrongful confinement.

(b) Discuss briefly the law relating to offence of defamation.

9. (अ) आपराधिक न्यासभंग की परिभाषा दीजिए तथा आपराधिक दुर्विनियोग से इसका अन्तर स्पष्ट कीजिए। **15**

(ब) प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार की प्रकृति क्या है ? किन परिस्थितियों में प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक होता है ? वर्णन कीजिए। **15**

(a) Define criminal breach of trust and distinguish it from criminal misappropriation.

(b) What is the nature of right of private defence ? Under what circumstances the right of private defence extends to the extent of causing the death ? Discuss.

10. (अ) हत्या को परिभाषित कीजिए। हत्या एवं आपराधिक मानव वध में अंतर स्पष्ट कीजिए। **15**

(ब) क, य को दबोच लेता है और य के जेब में से य का धन और आभूषण य की सम्मति के बिना कपटपूर्वक निकाल लेता है। यहाँ क ने चोरी की है और वह चोरी करने के लिएं स्वच्छया य को सदोष अवरोध कारित करता है। क द्वारा कौन सा अपराध कारित किया गया है ? कारण सहित लिखिए। **15**

(a) Define murder. Distinguish between murder and culpable homicide.

(b) A holds Z down and fraudulently takes Z's money and Jewels from Z's pockets without Z's consent. Here A has committed theft, and in order to the committing of that theft has voluntarily caused wrongful restraint to Z. Which offence committed by A ? Explain with reasons.

*No. of Printed Pages : 7*

**2019**

## विधि – II (साक्ष्य एवं प्रक्रिया)

## LAW – II (Evidence and Procedure)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या **1** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक खण्ड में से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । हालाँकि सभी प्रश्नों के समान अंक हैं । **एक** प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

***Notes :*** *Candidates should attempt Question No. **1** as compulsory and **four** more. At least **one** question must be attempted from each group. In all **five** questions are to be answered. Marks carried by each question are indicated against the question. However, all questions carry equal marks. The parts of same question must be answered together.*

**अनिवार्य प्रश्न**

1. (अ) 16 सितम्बर, 2014 को राजेश सिंघानिया ने रविन्द्र अग्रवाल जो एक उद्योगपति था, के विरुद्ध एक फौजदारी परिवाद दाखिल किया । परिणामस्वरूप रविन्द्र अग्रवाल को जेल जाना पड़ा और उसके उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । 16 नवम्बर, 2017 को विचारण के पश्चात् दण्ड न्यायालय ने रविन्द्र अग्रवाल को इस आधार पर दोषमुक्त कर दिया कि उसके खिलाफ राजेश सिंघानिया का परिवाद झूठा और आधारहीन था । अब रविन्द्र अग्रवाल, राजेश सिंघानिया के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण अभियोजन के लिए वाद लाना चाहते हैं ।

   उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर वादी रविन्द्र अग्रवाल के लिए वादपत्र तैयार कीजिए । **25**

   (ब) उपर्युक्त प्रश्न सं. 1(अ) के वादपत्र के उत्तर में प्रतिवादी राजेश सिंघानिया के लिए लिखित कथन का प्रारूप भी तैयार कीजिए । **15**

**अथवा**

'ब' को आपराधिक षड्यंत्र के लिए दोषसिद्ध ठहराये जाने के आशय से 'अ' एक पत्र 'ब' के हस्तलेख की अनुकृति करके लिखता है, जिससे यह तात्पर्यित है कि 'ब' ने उसे ऐसे आपराधिक षड्यंत्र के सह अपराधी को सम्बोधित किया है और उस पत्र को ऐसे स्थान पर रख देता है, जिसके सम्बन्ध में वह जानता है कि पुलिस ऑफिसर सम्भवत: उस स्थान की तलाशी लेंगे। **40**

उपर्युक्त कथनों के आधार पर एक आरोप-पत्र तैयार कीजिए और दोषसिद्ध करते हुए एक निर्णय दीजिए / लिखिए।

**Compulsory Question**

(a) On 16th September, 2014, Rajesh Singhania instituted a criminal complaint against Ravindra Agarwal, who was an industrialist. Consequently Ravindra Agarwal had to go to Jail and his business was adversely affected. After trial on 16th November, 2017 Ravindra Agarwal was acquitted by the Criminal Court on the ground of false and baseless allegations levelled by Rajesh Singhania. Now, Ravindra Agarwal wants to sue Rajesh Singhania on the grounds of malicious prosecution.

Write a plaint for Ravindra Agarwal, in the light of the facts stated above.

(b) Prepare draft of a written statement for the defendant Rajesh Singhania on the basis of facts in Question No. 1(a).

**OR**

'A' with the intention of causing 'B' to be convicted of a criminal conspiracy writes a letter imitating 'B's handwriting, purporting to be addressed to an accomplice in such criminal conspiracy and puts the letter at a place which is likely to be searched by the police officer.

On the basis of the facts stated above frame a charge and write a Judgement of Conviction.

## खण्ड – अ

## Group – A

2. (अ) "न्यायालय को सिविल प्रकृति के सभी वादों के विचारण करने की अधिकारिता प्राप्त है, जब तक कि वर्जित न हो।" इस कथन को संदर्भित करते हुए सिविल प्रकृति के वादों की व्याख्या कीजिए। **20**

(ब) न्यायालय के बाहर दीवानी मामले के निपटारे के बारे में कानून का वर्णन कीजिए। **10**

(स) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 5 नियम 24 के अन्तर्गत जेल में बन्द कैदी को सम्मन किस प्रकार दिया जाता है ? **10**

(a) "Court shall have Jurisdiction to try all suits of Civil nature excepting suits of which cognizance is barred." In the context of this statement, interpret the nature of all Civil Cases.

(b) Discuss the law relating to settlement of Civil disputes outside the court.

(c) How a summon is served to the prisoner in Jail under O-5 R-24 of the Civil Procedure Code, 1908 ?

3. (अ) प्रतिनिधिक वाद क्या है ? प्रतिनिधिक वाद की आवश्यक शर्तों की विवेचना कीजिए। **10**

(ब) अन्तर–अभिवचनीय वाद क्या है ? यह कब और किसके द्वारा संस्थित किया जा सकता है ? **10**

(स) किन परिस्थितियों में प्रतिवादी की सम्पत्ति वाद के निर्णय के पूर्व ही कुर्क की जा सकती है ? **10**

(द) परिप्रश्न द्वारा प्रकटीकरण के संबंध में सिविल प्रक्रिया संहिता के अधीन नियमों की व्याख्या कीजिए। **10**

(a) What is representative suit ? Discuss also the essential conditions of representative suit.

(b) What is interpleader suit ? When and by whom can it be instituted ?

(c) Under what circumstances can the property of defendant be attached before Judgement ?

(d) Explain the rules with respect to discovery by interrogatories under Code of Civil Procedure.

4. (अ) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में विहित विक्षिप्त मस्तिष्क व्यक्ति द्वारा या उसके विरुद्ध वाद दायर करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए तथा बताइए कि वादमित्र और वादार्थ संरक्षक पर क्या शर्तें लगाई जा सकती हैं। **20**

(ब) निर्णीत ऋणी की कौन–सी सम्पत्ति डिक्री के निष्पादन में कुर्की करके बेची नहीं जा सकती ? **10**

(स) केवियट (Caveat) से आप क्या समझते हैं ? सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में केवियट दायर करने सम्बन्धी विधि की व्याख्या कीजिए। **10**

(a) Explain the procedure for filing suit for and against an unsound person as laid down under the Civil Procedure Code, 1908. Point out the conditions which can be imposed on next friend and defendant ad-litem.

(b) What properties of a Judgement debtor cannot be attached and sold in execution of a decree ?

(c) What is 'Caveat' ? Discuss the law relating to Caveat under the Civil Procedure Code, 1908.

5. (अ) अभिवचन की परिभाषा लिखिए तथा उसका उद्देश्य, महत्त्व और आधारभूत नियमों को रेखांकित कीजिए। **20**

(ब) सिविल न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियों के बारे में आप क्या जानते हैं ? **10**

(स) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत अपीलीय न्यायालय की शक्तियों का वर्णन कीजिए। **10**

(a) Define pleading and underline its object, importance and basic rules.

(b) What do you understand by the inherent powers of the Civil Court ?

(c) Discuss the powers of Appellate Court as given under Civil Procedure Code, 1908.

## खण्ड – ब
## Group – B

6. (अ) विशेषज्ञ कौन हैं ? अन्य व्यक्तियों की सम्मतियाँ कब सुसंगत होती हैं ? इस प्रकार के साक्ष्य का पारिक्ष्यिक मूल्य क्या है ? एक विशेषज्ञ साक्षी और एक साधारण साक्षी में क्या अन्तर है ? **20**

(ब) सह–अभियुक्त कौन है ? सह–अभियुक्त द्वारा दिए गये साक्ष्य की सुसंगतता तथा ग्राह्यता सम्बन्धी साक्ष्य विधि का वर्णन कीजिए। **10**

(स) मृत्युकालीन घोषणा का क्या अर्थ है ? क्या यह घोषणा साक्ष्य में स्वीकारोक्ति है ? अगर है तो किन परिस्थितियों में ? **10**

(a) Who is an 'expert' ? When are the opinions of third person relevant ? What is the probative value of such evidence ? What is the difference between an expert and ordinary witness ?

(b) Who is an accomplice ? Discuss the relevancy and admissibility of the evidence given by an accomplice as provided under the law of evidence.

(c) What is meaning of dying declaration ? Is such a declaration admissible in evidence ? If so, under what circumstances ?

7. (अ) "जो सुसंगत है आवश्यक नहीं कि वह ग्राह्य ही हो, परन्तु वह सब जो ग्राह्य है सुसंगत है ।" समझाइए । **20**

(ब) अनुश्रुत साक्ष्य से सम्बन्धित नियमों की व्याख्या, इसके अपवादों सहित, यदि कोई हों, कीजिए । **10**

(स) विशेषाधिकृत संसूचनाओं पर परिपूर्ण किन्तु संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए । **10**

(a) "Whatever relevant is not necessarily admissible but all whatever admissible is relevant." Explain.

(b) Explain the rules relating to hearsay evidence with exceptions, if any.

(c) Write exhaustive notes on "Privileged Communication".

8. (अ) सूचक प्रश्न क्या हैं ? वे कब पूछे जा सकते हैं और कब नहीं पूछे जा सकते ? स्पष्ट कीजिए । **20**

(ब) 'क' पर रेलगाड़ी में बिना टिकट यात्रा करने का आरोप है । यह साबित करने का भार कि उसके पास टिकट था, किस पर होगा ? **10**

(स) 'अ' 'ब' की पत्नी है । विवाह से पूर्व 'ब' ने 'अ' को किसी मामले से सम्बन्धित कोई तथ्य के बारे में कहा था । विवाह के पश्चात क्या 'अ' को उस कहे गये कथन को प्रकट करने के लिए विवश किया जा सकता है ? कारण बताइए । **10**

(a) What are leading questions ? When can they be asked and when cannot be asked ? Explain.

(b) 'A' is charged with travelling on the railway without a ticket. On whom the burden of proof that he had a ticket shall lie ?

(c) 'A' is wife of 'B'. Before marriage 'B' said about some facts to 'A'. Can 'A', be compelled to disclose those facts after marriage ? Give reasons.

9. (अ) उन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए जिनके अन्तर्गत न्यायालय किसी व्यक्ति को निम्नांकित के लिए 'बंध पत्र' लिखने का आदेश दे सकता है :

(i) शान्ति बनाये रखने के लिए **10**

(ii) सद्व्यवहार बनाये रखने के लिए **10**

(ब) "प्रत्येक सुभिन्न अपराध के लिए, जिसका किसी व्यक्ति पर अभियोग है, पृथक आरोप होगा और ऐसे प्रत्येक आरोप का विचारण पृथकत: किया जायेगा ।" इस नियम को सोदाहरण समझाइए । **10**

(स) वह क्या दशाएँ हैं जब मजिस्ट्रेट किसी अपराध का संज्ञान ले सकेगा ? **10**

(a) Discuss the circumstances in which the court may require a person to execute a "bond" on the following :

(i) For keeping peace

(ii) for keeping good behaviour

(b) "For every distinct offence of which any person is accused, there shall be a separate charge and every such charge shall be tried separately." Explain and illustrate this rule.

(c) What are the conditions when a Magistrate may take cognizance of any offence ?

10. (अ) अभिवचन का सपणन किसे कहते हैं ? संक्षेप में इसकी प्रक्रिया वर्णित कीजिए । क्या यह प्रावधान सभी श्रेणी के अपराधों तथा सभी श्रेणी के पीड़ितों के संदर्भ में लागू होते हैं ? **20**

(ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जिलाधिकारी की शक्तियों की विवेचना कीजिए । **10**

(स) क्या कोई मजिस्ट्रेट किसी अभियुक्त से नमूना हस्ताक्षर या हस्तलेखन देने को कह सकता है ? अपवाद, यदि कोई है, के साथ विवेचना कीजिए । **10**

(a) What is plea bargaining ? Briefly describe its procedure. Whether these provision apply in respect of all types of offences and all types of victims ?

(b) Discuss the powers of the District Magistrate under Section 144 of the Code of Criminal Procedure, 1973.

(c) Whether a Magistrate can ask any accused to give specimen signature or handwriting ? Discuss with exception, if any.

PCS (J) 2014 Main

No. of Printed Pages : 7

**JUL-Y**

**2019**

**भाषा**

# LANGUAGE

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

*नोट :* *(i) अभ्यर्थी सभी **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

***Notes :*** *(i) Candidates should attempt all the **three** questions.*

*(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.*

*(iii) The parts of same question must be answered together.*

## भाग – I / Part – I

1. Translate the following English passage into the ordinary language spoken in courts using Devnagri Script : **30**

India being a diverse country with its multicultural, multi-ethnic, multi-religious population, the protection of human rights is an essential condition for peaceful existence. It is indeed impossible to give an inclusive definition of human rights owing to its vast nature, however, the legislators have defined human rights as "rights relating to life, liberty, equality and dignity of the individual guaranteed by the Constitution or embodied in the International Covenants and enforceable by courts in India. Human Rights which are inherent in all human beings have find expressions in the Constitution of India, Part III and Part IV of the Indian Constitution deal with Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy respectively. Most of the human rights declared 'as such by the United Nations' are incorporated in the Constitution of India either as Fundamental Rights or in form of the Directive Principles of State Policy. Constitution of India including the right to equality in Article 14, right to freedom of speech and expression in Article 19 (1)(a), the right of

life and personal liberty in Article 21 and the right to religious freedom in Article 25 etc. In part IV of the Constitution, the Directive Principles of State Policy i.e. the duties of the State or the socio-economic rights have been envisaged which are non-justifiable in any court of law, but complementary to the fundamental rights in the Part III of Indian Constitution. The Directive Principle of State Policy directs the State to apply policies and principles in the governance of the Country so as to enhance the prospects of social and economic justice. The judiciary has played a vital role in giving effect to these principles incorporated in part III and part IV of the Constitution and advancing human rights. However, almost 69 years from the Commencement of the Constitution, the judiciary have not played very active role and the Anglo–Saxon legal tradition continued to hold that judges do not make laws. The judge merely interprets it and reflects what the legislature has said. Be it a *case of A. K. Gopalan* or *Shankari Prasad* case judiciary has never shown its judicial creatively and was under the influence of analytical positivism. It is Hon'ble Justice P.N. Bhagwati who assigns an 'active role to the judges'. Active in the sense that judges not only interpret and apply the law, they shall and they must put this power into practice to serve the cause of 'social justice'. Twenty Eight years after the judgment in Gopalan's Case, the Supreme Court in *Maneka Gandhi's Case* pronounced a landmark judgment which proved to be a milestone in the history of human rights in India after Independence. This case shows how liberal tendencies have influenced the Supreme Court in the matter of interpreting fundamental rights, particularly Article 21. A great transformation has come about in the judicial attitude towards the protection of personal liberty after traumatic experiences of emergency during 1975-77, *when personal liberty had reached its nadir and human rights violations were at its Zenith.* In *Maneka Gandhi's Case* the expression 'personal liberty' in Article 21 were given an expansive interpretation. Justice P.N. Bhagwati while pronouncing the leading opinion has said that the procedure in Art. 21 "must be right, just and fair' and not arbitrary, oppressive or fanciful, otherwise it would be no procedure at all and the requirement of Art. 21 would not be satisfied." In *Francis Coralie's case* the Supreme Court has held that the expression 'life' in. Art. 21 does not connote merely physical or animal existence, it includes the right to live with human dignity and all that goes along with it, namely, the bare necessity of life such as adequate nutrition, clothing and shelter over their head. Through the interpretation of Article 21 of the Constitution, Supreme Court has humanized the Criminal justice system in India and made it human rights

friendly. In *Joginder Kumar v. State of U.P.*, the Apex Court has issued directions regarding arrest. The Court has emphasized that a police officer may have the power to arrest but justification for exercising the power is quite another matter. Arrest can cause incalculable harm to person's reputation and self esteem. Arrest should be made not merely on suspicion but only after a reasonable justification reached after some investigation as to genuineness and bonafides of the Complaint. The Supreme Court has now expressly said that arrest is not a must in all cases of cognizable offences. In *Prem Shanker Shukla v. Delhi Administration*, the Supreme Court found the practice of using handcuffs and fetters prisoners, violating the guarantee of basic human dignity, which is part of the Constitutional culture in India and thus not standing the test of right to life and personal liberty. The Supreme Court, in a landmark judgment in *D.K. Basu v. State of West Bengal*, has laid down detailed guidelines to be followed by the Central and State investigating and security agencies in all cases of arrest and detention. Dr. Justice A.S. Anand who delivered the judgment on behalf of the Court held that, any form of torture or cruel, inhuman or degrading treatment, would fall within the inhibition of the Art. 21 whether it occurs during investigation, interrogation or otherwise.

Thus, the Supreme Court of India has interpreted the right to life to mean not only the right to physical or animal existence but also the right to the use of every limb or faculty through which life is enjoyed, including the right to live with basic human dignity.

**भाग – II / Part – II**

2. निम्नलिखित हिन्दी गद्यांश का सामान्य अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए : **30**

Translate the following Hindi passage into ordinary English language :

भारतीय संविधान के अन्तर्गत राजभाषा के संबंध में प्रावधान किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या विधि के संबंध में उत्पन्न नहीं करते हैं, परन्तु वे प्रावधान राजनीतिक विवाद का विषय संविधान के प्रारम्भ से ही बने हुए हैं । स्वतंत्रता के समय से ही राजनैतिक व मनोवैज्ञानिक स्तर पर इस देश में राष्ट्रीय भाषा के पक्ष में एक साधारण माँग लम्बे समय से चली आ रही थी जिससे कि देश में राष्ट्रीय एकता व अखण्डता बनी रह सके । परन्तु दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान के निर्माता काफी प्रयासों के बावजूद किसी भी

एक भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में असफल रहे और उन्होने विभिन्न माँगों व विवादों से बचने के लिए राजभाषा के संबंध में एक समझौते का रास्ता निकाला तथा संविधान में राजभाषा के संबंध में निम्न प्रावधानों का समावेश किया :

(अ) संघ की राजभाषा – अनुच्छेद 343 व 344, (ब) राज्य की राजभाषा – अनुच्छेद 345 से 347, (स) उच्चतम व उच्च न्यायालयों में प्रयोग किये जाने वाली भाषा – अनुच्छेद 348, (द) विशेष निदेश – अनुच्छेद 350 से 351 ।

उपरोक्त प्रावधानों के संबंध में कई संविधानविदों का मानना है कि राजभाषा के संबंध में प्रावधान साधारणतया जटिल है और यह कहीं-कहीं अस्पष्ट व संदिग्ध है । हिन्दी को राजभाषा बनाये जाने के संबंध में विचार-विमर्श करते हुए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि 'अनु. 115 जो हिन्दी के सवाल पर विचार करता है इससे ज्यादा विवादित अन्य कोई अनुच्छेद नहीं है । कोई अन्य अनुच्छेद में इतना ज्यादा विपक्ष नहीं उत्पन्न किया है और न ही इससे ज्यादा कोई अन्य अनुच्छेद संवेदनशील है ।'

राजभाषा के प्रावधान के रचियता एन. गोपालास्वामी आयंगार ने राजभाषा के अनुच्छेद की विशेषता को उल्लिखित करते हुए कहा था कि – 'हमारी मुख्य नीति, संघ के उद्देश्यों के लिए एक साधारण भाषा जो हिन्दी व लिपि देवनागरी होनी चाहिए, तथा यह भी मुख्य नीति का एक भाग है कि संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाली अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा ।'

भारतीय संविधान के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी व लिपि देवनागरी के साथ अन्तर्राष्ट्रीय अंक होगा । उल्लेखनीय है कि हिन्दी को ही राजभाषा का दर्जा प्रदान करने का मुख्य कारण यह था कि यह भाषा भारतवर्ष के अधिकांश जनसंख्या द्वारा व विभिन्न भागों में बोली जाने वाली भाषा थी अतः संविधान निर्माताओं ने हिन्दी को ही संघ की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया साथ ही अन्य भाषाओं के बोलने वालों के प्रति सुलह-समझौते का रास्ता अपनाते हुए राज्यों के संबंध में क्षेत्रीय भाषाओं को अपनाने का मार्ग भी खोल दिया । इस संबंध में एक बात यह भी महत्त्वपूर्ण थी कि हिन्दी को अंग्रेजी की जगह तुरन्त स्थापित करना सम्भव नहीं था क्योंकि हिन्दी में वैज्ञानिक, चिकित्सीय और अन्य तकनीकी शब्दावली का अभाव था अतः अनुच्छेद 343(2) के द्वारा हिन्दी को अंग्रेजी की जगह प्रतिस्थापित करने की समय सीमा तय कर दी गयी । यह समय सीमा 15 वर्षों की थी अर्थात 26 जनवरी, 1965 को हिन्दी अंग्रेजी का स्थान ग्रहण कर लेगी और इस अवधि के दौरान अंग्रेजी का प्रयोग सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए जारी रहेगा ।

हिन्दी को अनुच्छेद 343 के द्वारा राजभाषा के पद पर तो प्रतिस्थापित कर दिया गया था परन्तु यह आशय संविधान निर्माताओं का कभी भी नहीं रहा कि अन्य भाषाओं को उपेक्षित किया जाये । हिन्दी को अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के ऊपर इसलिए नहीं वरीयता दी गयी कि यह अन्य क्षेत्रीय भाषाओं से ज्यादा विकसित थी या न ही इसमें काफी संख्या में साहित्य उपलब्ध थे बल्कि इसलिए कि हिन्दी को उस जगह भी स्वीकार किया गया था जहाँ पर क्षेत्रीय भाषा हावी थी अर्थात क्षेत्रीय भाषाओं को जानने वाले हिन्दी से भी भली-भाँति परिचित थे साथ ही बहुत बड़ी संख्या में यह भाषा बोली जाती थी ।

परिवर्तन अवधि के सम्बन्ध में एक और महत्त्वपूर्ण बात यह थी कि संविधान में केन्द्र के स्तर पर अंग्रेजी से हिन्दी में परिवर्तन की समय सीमा 15 वर्ष की तय थी परन्तु राज्यों के स्तर पर ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं की गयी थी । 15 वर्ष की समय सीमा के सम्बन्ध में न तो कोई विधिक विवाद था और न ही कोई राजनैतिक समस्या । परन्तु यह एक व्यवहारिक समस्या थी कि उक्त प्रावधान को क्रियान्वयन में लाया जाये । इसके लिए यह जरूरी था कि सभी वर्गों के लोगों का इसमें सहयोग प्राप्त हो अर्थात इस परिवर्तन अवधि को किसी के ऊपर थोपी न जा सके । यहाँ हिन्दी भाषी लोगों की यह जिम्मेदारी होती थी कि वे हिन्दी का प्रचार-प्रसार व इसका विकास करें ताकि उक्त अवधि के पश्चात इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके साथ ही पूर्वी भारत व दक्षिण भारतीयों का भी यह कर्तव्य था कि वे इस सम्बन्ध में आ रही समस्याओं को भली-भाँति समझे और परिवर्तन अवधि को सुविधाजनक ढंग से लाने में सहयोग प्रदान करें । इस संबंध में वे अपने व्यक्तिगत हितों को देश हित में न लाये ।

उपरोक्त प्रावधानों से स्पष्ट है कि संविधान निर्माताओं के मन में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा देने के संबंध में शुरू से ही दोहरी नीति रही थी । एक तरफ तो अनुच्छेद 343(1) के अन्तर्गत उन्होंने हिन्दी को संघ की राजभाषा के पद पर सुशोभित किया दूसरी तरफ अनुच्छेद 343(2) के अन्तर्गत इसके प्रयोग की अवधि को 15 वर्षों तक के लिए टाल दिया । इसके अतिरिक्त उन्होंने अनुच्छेद 343(3) के तहत संसद को यह अधिकार दे दिया कि यदि संसद चाहे तो इसके प्रयोग की सीमा को 15 वर्षों के पश्चात भी जारी रख सकती थी ।

अन्त में उपरोक्त पूरे संवैधानिक प्रावधान के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि इन प्रावधानों ने राजभाषा के सम्बन्ध में काफी विशाल व विस्तृत फार्मुला प्रदान किया है । यह भारत की जनता के हितों व उनके व्यक्तिगत रुचि को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है, जिससे कि किसी भी वर्ग या व्यक्ति-विशेष को यह न लगे कि उसकी भाषा को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया है । कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि राजभाषा के प्रश्न पर एक आम सहमति पर संविधान के ये अनुच्छेद विभिन्न प्रकाश डालते हैं और किसी भी भाषा को व्यक्ति या वर्ग विशेष पर थोपने को प्रतिबंधित करते हैं ।

## भाग – III / Part – III

3. निम्न गद्यांश का संक्षिप्तीकरण अंग्रेजी में कीजिए : **40**

Write a précis in English of the following passage :

Social justice means a way of life with liberty, equality and fraternity as the principles of life. A true essence of social justice cannot be established without removing the inequalities in income and making endeavour to eliminate inequalities in status through the rule of law. Social justice or rule of law is a core constitutional objective. Without Social justice the Constitution would not be able to secure economic and other justice to the people. Justice, Social, Economic and Political is the spirit and. vision of our Constitution. The Constituent Assembly completed its work under Dr. B.R. Ambedkar as chairperson of the Drafting Committee of the Constitution. The new Constitution was adopted on 26$^{th}$ January, 1950 and the Indian Republic was born. India became an independent Sovereign, Democratic, Republic – a nation that would strive for equality for all; liberty of through expression, belief, faith and worship. We now have a government for the people, by the people and of the people.

The Gandhian principal of social justice inherent in the idea of Sarvodaya Samaj is obviously linked with religion; it does not blindly emphasize the economic element in life; and it also does not accept the dictatorship of the proletariat. Dr. Ambedkar, however, rejected the philosophy of Gandhism as a whole, for its fundamental base is Sanatan Dharma, or Varnashram Dharma, which he did not accept in any form. Apart from this, Gandhi's concept of social justice is based on the feeling of 'Vaishnav Jan' and God's grace or the idea, of 'Daridra Narayan' which as Dr. Ambedkar thought, could not help the depressed, weaker and the backward classes to rise in life.

Social inequalities of India expect solution equally. Under Indian Constitution the use of social justice is accepted in wider sense which includes social and economical justice both. According to Chief Justice Gajendragadkar, "In this sense, social justice holds the aims at for equal opportunity to every citizen in the matter of social & economic activities and to prevent inequalities".

Articles 23 and 24 provide for fundamental rights against exploitation. Article 24, in particular, prohibits an employer from employing a child below the age of 14 years in any factory or mine or in any other hazardous employment. Article 31 makes a specific provision with regard to the fundamental right to property and deals with the vexed problem of compulsory acquisition of property.

Article 38 of the Directive Principles in Part IV of the Constitution of India which promises that the State "shall strive to promote the welfare of the people by securing and protecting as effectively as it may, a social order in which justice, social, economic and political, shall inform all the institutions of the national life,"

Article 39 has been described as having the object of securing a Welfare State and may be utilized for construing provisions as to fundamentals rights. This Article specially provides for State to follow the certain policy so that both men and women have equal right to an adequate means of livelihood, equal pay for equal work, protection for child labour and attention on the health and strength of workers. Children are given opportunities and facilities to develop in a healthy manner and in conditions of freedom and dignity and that childhood and youth are protected against exploitation and against moral and material abandonment. Supreme Court has also issued directions to the State to see that an adult member of the family whose child is in employment in a factory, mine or hazardous employment gets employment anywhere, in lieu of the child.

Article 41 recognizes every citizen's right to work, to education & to public assistance in cases of unemployment, old age, sickness & disablement, and in other cases of undeserved want. 'Job security' is an ingredient of the 'right to work', read in the light of the philosophy of socio-economic justice. The duty of the State, under this Directive is not only to establish educational institutions but also to, effectively, secure the right to education, by admitting students to the seals available at such institutions. Article 42 provides important provision for securing just and humane conditions of work & for maternity relief. The provisions in the Maternity Benefit Act, 1961 entitling maternity leave to women engaged on casual basis or on muster roll basis on daily wages and not only to those in regular employment, are wholly consonance with the Article 42. Article 43 secures the working population the ideal of the living wage, conditions of work ensuring a decent standard of life and full enjoyment of leisure and social and cultural opportunities. Article 46 is provided important provision for the promotion of educational and economic interests of schedule castes, schedule tribes and other weaker sections. Provisions in this behalf are also made in Arts. 15(4), 16(4), 19(1)(d)(e), 275, 330 & 335.

The idea of welfare state is that the claims of social justice must be treated as cardinal and paramount. Social justice is not a blind concept or a preposterous dogma. It seeks to do justice to all the citizens of the State.

---

PCS (J) 2019 (Main)

No. of Printed Pages : 2

**JUP-X**

**2019**

# वर्तमान परिदृश्य

# The Present Day

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 150*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 150*

**नोट :** *(i) अभ्यर्थी सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं ।*

*(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाये ।*

**Note :** *(i) Candidates should attempt all the **five** questions.*

*(ii) **All** questions carry equal marks.*

*(iii) The parts of same question must be answered together.*

1. (क) विधि के स्रोत के रूप में विधायन के महत्त्व की विवेचना कीजिए । विधायन एवं विधि के अन्य स्रोतों के बीच अन्तर स्थापित कीजिए । **15**

(ख) अधिकार की परिभाषा दीजिए और विधिक अधिकार के आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए । **15**

(a) Discuss the importance of legislation as a source of law. Differentiate between legislation and other sources of law.

(b) Define right and discuss the ingredients of legal right.

2. (क) अंतर्राष्ट्रीय संधि की परिभाषा दीजिए तथा वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय विधि में संधियों के बढ़ते हुए महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **15**

(ख) प्रत्यर्पण संबंधी विधि का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । प्रत्यर्पणीय अपराधों की प्रकृति की विवेचना कीजिए । **15**

(a) Define international treaty and explain the growing importance of treaties in modern international law.

(b) Critically examine the law relating to extradition. Discuss the nature of extraditable crimes.

3. (क) संविधान के भाग तीन एवं चार में परिकल्पित सामाजिक न्याय की संकल्पना का परीक्षण कीजिए। **15**

(ख) संविधान के अनुच्छेद 370 की वर्तमान विधिक स्थिति पर टिप्पणी कीजिए। **15**

(a) Examine the concept of social justice as envisaged in part three and four of the constitution.

(b) Write a note on the present legal status of Article 370 of the constitution.

4. (क) उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार बनाम भारत संघ (2018) सु.को. 661 में दिये गये निर्णय पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए। **15**

(ख) उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की क्या प्रक्रिया है ? **15**

(a) Write a detailed note on the decision given by Supreme Court in Government of NCT of Delhi Versus Union of India (2018) S.C.C. 661.

(b) What is the method of appointment of judges in High Courts and Supreme Court of India ?

5. (क) संविधान के 103वें संशोधन अधिनियम, 2019 पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए। **15**

(ख) भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जस्टिस के.एस. पुट्टास्वामी (रिटायर्ड) बनाम भारत संघ (2017) 10 SCC 1 के बाद में दिये गये निर्देशों को लिखिए। **15**

(a) Write a critical note on $103^{rd}$ Constitutional Amendment Act, 2019.

(b) Write the directions given by Supreme Court of India in the case of Justice (Retd.) K.S. Puttaswamy V. Union of India. (2017) 10 SCC 1.

---